**Greenlawas School, Worli**

**प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (२०२४-२५)**

**कक्षा - सातवी.** **पूर्णांक-८०**

**दिनांक - ८-१-२०२५.** **विषय - हिंदी.** **समय - २ घंटे**

---

**सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं।**

---

**विभाग 'अ' (अंक- ४०)**

**भाषा-विभाग**

**प्रश्न १] निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:-** **(१०)**

**i) मेरी अविस्मरणीय यात्रा**

**ii) बिल्ली की आत्मकथा**

**iii) त्योहारों का देश : भारत**

**प्रश्न २] निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए. .**

**(७)**

**शेखर नामक एक छोटा लड़का........ बहुत गरीब....... बूढ़ी दादी के साथ झोंपड़ी में रहना.........बरसात के दिन...... आँधी और तूफ़ान........ रेल की पटरी उखड़ जाना..... शेखर की नज़र उस पटरी पर पड़ना....... रेलगाड़ी के आने का समय होना....... शेखर का अपनी जान की परवाह न करना.... अपनी लाल कमीज फाड़कर पटरी पर खड़ा रहना...... रेल का उसे लाल कपड़ा दिखाते हुए देखकर रुकना....... यात्रियों की जान बचना....... शेखर को यात्रियों द्वारा इनाम मिलना......... सरकार द्वारा उसे स्वर्ण पदक मिलना....... सीख व शीर्षक।**

**प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**आज के युग को विज्ञान का युग कहा जाता है। आज जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान के चमत्कार देखने को मिलते हैं, जिनसे हर कठिन कार्य सरल और असंभव कार्य संभव बन गए हैं। विज्ञान ने हमें सुख-सुविधा के अनेक साधन दिए हैं। टेलीफोन, टेलीविजन, मोवाइल, संगणक, सिनेमा, रेल, वायुयान, टेलीप्रिंटर आदि के आविष्कार से मानव जीवन की सुख-सुविधाओं में बहुत वृद्धि हुई है। विज्ञान ने सर्दी-गर्मी दोनों**

पर नियंत्रण कर लिया है । गर्मी के दिनों में कूलर, एयर कंडीशनर से सर्दी का आनंद लिया जा सकता है तो सर्दी के दिनों में हीटर से गर्मी का अनुभव किया जा सकता है। विद्युत के आविष्कार ने मनुष्य के जीवन को ही बदल दिया है । स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में भी विज्ञान ने चेचक, तपेदिक, प्लेग आदि रोगों पर विजय पाई है ।

अच्छे किस्म के बीज और खाद के प्रयोग से आज किसान प्रकृति पर नहीं विज्ञान के आविष्कारों पर निर्भर हैं। विज्ञान की मदद से ही कम समय में कहीं भी पहुँच सकते हैं। टेलीविजन पर घटनाओं को जल्दी से जल्दी देखा जा सकता हैं।

विज्ञान वरदान के साथ अभिशाप भी है क्योंकि इसके अस्त्र-शस्त्रों, बमों, हथियारों से पूरी दुनिया का भविष्य खतरे में है। प्रदूषण भी बहुत बढ़ गया है। यदि विज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाए तो धरती स्वर्ग का बन सकती है। तभी तो अटल विहारी वाजपेई ने हमें एक नया नारा दिया है- "जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान" ।

**प्रश्न :-**

**i) आज के युग को किस नाम से जाना जाता है और क्यों ? (२)**

**ii) विज्ञान ने हमें कौन-कौन से साधन दिए हैं और उनका हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ? (२)**

**iii) विद्युत के आविष्कार ने मनुष्य के जीवन को किस तरह बदला ? समझाकर लिखिए । (२)**

**iv) विज्ञान किसानों व यात्रियों के लिए वरदान किस प्रकार सिद्‌ध हुआ है? स्पष्ट कीजिए । (२)**

**v) विज्ञान अभिशाप भी क्यों है? धरती स्वर्ग कब बनेगी ? (२)**

## व्याकरण विभाग

**प्रश्न ४] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-**

**i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

**1) अनाज - 2) झंडा - (२)**

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (२)

1)अपव्यय 2) आस्तिक

iii) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (२)

1) जिसको पराजित न किया जा सके -

2) बढ़ा-चढ़ाकर कहा गया कथन -

iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:- कोई दो (३)

1) आपे से बाहर होना-

2) घुटने टेकना-

3) किताबी कीड़ा होना-

v) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए:- (२)

1) जो दो नावों पर सवार होते हैं, वे हमेशा डूबते हैं।

2) आप थोड़ा-सा दौड़ा करें।

vi) निम्नलिखित वाक्यों में लिंग परिवर्तन कर पुनः लिखिए । (१)

१)कल मेरे मौसा जी घोड़े पर बैठे थे।

vii) निम्नलिखित लोकोक्ति का अर्थ लिखिए - (१)

(1) आम के आम गुठलियों के दाम -

## विभाग 'ब' (अंक - ४०)

## साहित्य-विभाग

प्रश्न ५ - क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (९)

i) ब्लू आर्किड होटल से क्या दिखाई दे रहा था?

ii)' हार की जीत' इस पाठ से आपने क्या सीखा?

iii) मॉरीशस में लेखक को कौन-कौन-से पेड़ दिखाई दिए ?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :- (४)

i) मुंबई और मॉरीशस के मध्य कौन - सा महासागर है?

ii) लेखक किस कार्यक्रम में भाग लेने मॉरीशस पहुंचे थे?

iii) बाबा भारती का घोड़ा लाने के लिए खड्गसिंह में किसका रूप धारण किया?

iv) माँ को क्या देखकर आनंद आता है?

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-- (४)

i) ____________हमारा आधार है।

ii) मॉरीशस की कुल आबादी बारह________ है।

iii)बाबा ने घोड़ा दिखाया____________ से, खड्गसिंह ने देखा आश्चर्य से ।

iv) वह घोड़ा बड़ा सुंदर और_________ था ।

घ) किसने किससे कहा लिखिए:- (२)

i) "मैंने भी बड़ी प्रशंसा सुनी है।"

ii)" कहो, तुम्हें क्या कष्ट है?"

ङ) उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (४)

i)संध्या

a) दोपहर b)शाम c) सुबह d) रात्रि

ii) पंक्ति

a) कतार b) कातर c) खतार d) सितार

iii) नेकी

a) बुराई b) भलाई c) भालाई d) सच्चाई

iv)इलाका

a) शहर. b) क्षेत्र c) छत्र d) गाँव

## कविता - विभाग

प्रश्न ६-अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (६)

१.असफल होने पर क्या क्या करना चाहिए ?

२.कवी चींटी के उदाहरण द्वारा क्या समझाना चाहते है स्पष्ट कीजिए ?

आ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए- (४)

१) 'कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती' इस कविता के कवि का नाम लिखिए।

**२)लहरों से डरकर क्या पार नहीं होती?**

**३) नींद चैन को कब तक त्यागना चाहिए?**

**४) प्रस्तुत कविता से आपने कौन-से मूल्य सीखे?**

**इ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :-** **(५)**

**डुबकियाँ** ________________

__________________________

__________________________

__________________________

__________________________**हार नहीं होती।**

**ई] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :-** **(२)**

**१) सिंधु**

**a) नदी** **b) सागर** **c) तालाब** **d) कुआँ**

**२) सहज**

**a)असहज** **b) असाना** **c)आसन** **d) आसान**

**----------------------------------------समाप्त------------------------------------**